R.N.I. No. RAJHIN/2019/77793

postal reg.no. RJ/RJ/207/2025/2027

# मरूधरा टुडे

पाक्षिक

विज्ञापन एवं वार्षिक सदस्यता हेतु कार्यकारी सम्पादक - सहर मो. 8107416712

वर्ष 06 अंक 19 | कुल पृष्ठ 4 | अजमेर, गुरुवार 16 जनवरी, 2025 | Email.Id: marudharatoday.info@gmail.com | मूल्य : 3 /- रुपये

# टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों के लिए आयोजित हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को जयपुर स्थित होटल द ललित में पर्यटन विभाग, फिक्की और द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में आयोजित विभिन्न सत्रों में विषय विशेषग्यो ने टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों को सम्बोधित किया।

पर्यटन क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए जयपुर में आयोजित इस विशेष कार्यशाला द्वारा टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों को डिजिटल वाणिज्य और राजस्थान पर्यटन नीति के तहत उपलब्ध विशेष लाभों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) के उपाध्यक्ष (ट्रैवल) कार्तिक प्रभु ने अपने सत्र में ओएनडीसी नेटवर्क का उपयोग कर टूर ऑपरेटर्स, होमस्टे मालिकों और होटलों को व्यापारिक अवसरों को बढ़ाने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद, राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक पवन कुमार जैन ने राजस्थान पर्यटन नीति के तहत टूरिज्म क्षेत्र को मिलने वाले विशेष लाभों पर प्रकाश डाला।

ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स और पर्यटक गाइड्स के लिए आयोजित सत्र में नए रुझान और संभावनाएं विषय पर प्रतीक हीरा, अध्यक्ष, फिक्की पर्यटन समिति, उत्तर प्रदेश और संस्थापक अध्यक्ष एवं सीईओ, टॉर्नोस ने प्रस्तुति दी। इसके बाद नई पीढ़ी के ग्राहकों की अपेक्षाएं और व्यवसाय में अंतर लाने के तरीके विषय पर संदीप कुमार, यात्रा और फोटोग्राफी विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों को नई रणनीतियों की जानकारी दी।

होमस्टे मालिकों, होटलों और आवासीय इकाइयों के लिए था। इसमें बजट आवास में रुझान और विकास के लाभ उठाने जैसे विषय पर कुलदीप कुमार, अतिथि वक्ता और प्रशिक्षक ने चर्चा की। इसके अलावा,खाद्य सुरक्षा और जीवन रक्षक उपाय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दो सत्र आयोजित किए गए।

डॉ. सत्य नारायण ढोलपुरिया, संयुक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान ने खाद्य सुरक्षा पर जानकारी साझा की।

राजकुमार राजपाल, एसएनओ मास्टर ट्रेनर, बीएलएस, सीपीआर और रोड सेफ्टी विशेषज्ञ ने प्राथमिक चिकित्सा और जीवन रक्षक उपायों पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र के पेशेवरों को आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर अपने व्यवसाय को सशक्त बनाने और पर्यटकों की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। यह आयोजन राजस्थान में पर्यटन और डिजिटल वाणिज्य के क्षेत्र में नवाचार और विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलने की उम्मीद लेकर आया है।

## बाल-बाल बचे एक्टर अजित

**नई दिल्ली।** साउथ एक्टर अजित कुमार की टीम ने दुबई में हुए कार रेसिंग कॉम्पीटीशन में थर्ड रैंक पाकर सबको खुश कर दिया। फैंस उनपर बेहद प्राउड फील कर रहे हैं। लेकिन रेस की प्रैक्टिस के दौरान अजित की कार का खतरनाक एक्सीडेंट भी हो गया था। हालांकि वो बाल-बाल बच गए थे, लेकिन ये टक्कर इतनी जोरदार थी कि सबकी सांसें थम गई थी। अजित ने अपनी बड़ी जीत के बाद इस एक्सीडेंट पर रिएक्ट किया और साथ ही फैंस का दुआ करने के लिए शुक्रिया अदा किया। अजित ने कहा- दूसरे व्यक्ति क्या कर रहे हैं, इसकी चिंता मत करो। अपने जीवन पर ध्यान दो।

## जयपुर पुलिस ने बच्चों के साथ मनाई मकर संक्रांति

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच और पुलिस उपायुक्त पूर्व श्रीमति तेजस्वनी गौतम ने आज सुबह झालना कच्ची बस्ती पहुँच कर नन्हे बच्चों के साथ मकर संक्रांति की शुरुआत की। बच्चों का हुजूम पुलिस अंकल मुझे पीले रंग की पतंग चाहिए, पुलिस आंटी मुझे ब्लू रंग वाली चकरी दो की आवाज़ों से गूंजी बस्ती देखते ही बनती थी पुलिसिंग विद ए सोशल कॉज़ शायद इसे ही कहते हैं पतंग माँझे और लड्डू पाकर बच्चों की मुस्कान देखते ही बनती थी पुलिस आयुक्त ने सभी को मकर सक्रान्ति की बहुत बहुत शुभकामनाएँ दी। जयपुर पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

# मुख्यमंत्री ने उड़ाई पतंग

**जयपुर।** जयपुर के पतंग उत्सव के अवसर पर आज जल महल जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने विधायक बालमुकुंद आचार्य और पदाधिकारी तथा आम लोगों के साथ पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति का आनंद लिया। गोविंद देवजी मंदिर में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम और भव्यता से मनाया जा रहा है। सुबह 4 बजे मंगला आरती के साथ श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया। भगवान गोविंद देवजी और राधा रानी की इस बार की झांकी ने श्रद्धालुओं का विशेष आकर्षण खींचा।

गोविन्ददेवजी मंदिर में ठाकुरजी को सोने की पतंग उड़ाते और राधा रानी को चांदी की चरखी पकड़े हुए दिखाया गया। झांकी में 200 साल पुरानी रियासतकालीन पतंग और चरखी को शामिल किया गया है। भगवान को पतंग प्रिंट वाले विशेष परिधान धारण कराए गए हैं, जो भक्तों को बेहद आकर्षित कर रहे हैं। भगवान को तिल गुड़ के लड्डुओं, फिनी, और अन्य पारंपरिक सामग्री अर्पित की गई।मंदिर परिसर को 1100 रंग-बिरंगी पतंगों से सजाया गया है, जिससे मकर संक्रांति का उत्सव और भी भव्य नजर आ रहा है। भक्तों के बीच तिल के लड्डू प्रसाद के रूप में बांटे जा रहे हैं।

## विद्यार्थियों को बर्ड पार्क का करवाया जाएगा नि:शुल्क भ्रमण

**जयपुर।** उदयपुर बर्ड फेस्टिवल 2025 में 11वां संस्करण का आयोजन 17 से 19 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें पक्षियों के प्रति जागरुकता बढाने, संरक्षण करने एवं पक्षियों की पहचान करने हेतु सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु बर्डपार्क गुलाबबाग, उदयपुर का 19 जनवरी तक निश्शुल्क भ्रमण करवाया जाकर साथ ही बर्ड्स की पहचान करायी जाएगी। उप वन संरक्षक डीके तिवारी ने बताया कि बर्ड फेस्टिवल के मौके पर विद्यार्थियों को यह सौगात दी जाएगी ताकि स्कूली विद्यार्थियों में पक्षी पहचान, पक्षियों के संरक्षण में मदद मिलेगी तथा फिल्ड विजिट के दौरान विद्यार्थियों में पक्षी पहचानने की क्षमता का विकास हो। बर्ड फेस्टिवल के मौके पर पर्यावरण प्रेमियों, बर्डर, स्वयंसेवी संस्थानों, शिक्षाविद् विद्यार्थियों, सेना के अधिकारी/ जवान, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों को पक्षियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 18 जनवरी को विभिन्न जलाशयों पर विभिन्न प्रकार के पक्षियों की प्रजातियों की पहचान (बर्ड वाचिंग) करने हेतु इच्छुक पक्षी प्रेमी अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन उदयपुर बर्ड फेस्टिवल डॉट कॉम वेबसाईट पर (जलाशयों पर बर्डिंग का 100 रुपये) का कन्फर्मेशन चार्ज देकर व ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन कार्यालय उप वन संरक्षक, वन्यजीव, उदयपुर बडी रोड के पास आकर जमा कर सकते है।

## महिला आयोग आपके द्वार- आयोग महिलाओं के मायके जैसा, बेझिझक रखें अपनी बात -राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ने उदयपुर में की जनसुनवाई

**जयपुर।** महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित कर राहत देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से प्रारंभ किए गए महिला आयोग आपके द्वार अभियान के तहत सोमवार को उदयपुर में महिला आयोग की ओर से संभाग स्तरीय जनसुनवाई रखी गई। इसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया के. रहाटकर ने तसल्ली से महिलाओं की परिवेदनाएं सुनी और हाथों-हाथ मौजूद अधिकारियों को त्वरित राहत देने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत, महिला आयोग के संयुक्त सचिव अशोली चलाई, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, राजसमंद एसपी सुधीर जोशी आदि भी उपस्थित रहे।

महिला आयोग पहुंचा है आपके द्वार - जिला परिषद सभागार में आयोजित जनसुनवाई के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती रहाटकर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्र की महिलाएं अपनी समस्याएं लेकर दिल्ली तक नहीं पहुंच पाती हैं, इसलिए आयोग ने उन तक पहुंचकर उनकी परिवेदनाओं को समझ कर राहत देने के लिए विशेष अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि आयोग महिलाओं के मायके जैसा है। महिलाएं जिस तरह से अपने मायके में जाकर अपनी पीड़ा खुलकर बता सकती हैं, ऐसे ही आयोग में भी अपनी बात बेझिझक रखें, ताकि उसके समाधान की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लें तथा उन्हें प्राथमिकता देते हुए त्वरित राहत प्रदान करें।

महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती रहाटकर ने जनसुनवाई के दौरान आयोग में पूर्व से पंजीकृत संभाग के विभिन्न जिलों के तकरीबन 50 प्रकरणों के साथ ही सोमवार को जनसुनवाई में पूर्व में रजिस्टर्ड 45 प्रकरणों तथा नवीन दर्ज 50 प्रकरणों की सुनवाई की। लगभग साढ़े तीन घंटों तक चली इस सुनवाई में श्रीमती रहाटकर ने पूरी संवेदनशीलता के साथएक-एक प्रकरण में महिलाओं की पीड़ा को तसल्ली से सुना। अधिकांश प्रकरण पति-पत्नी अथवा पारिवारिक विवादों से जुड़े हुए रहे। आयोग अध्यक्ष ने प्रकरण से जुड़ी पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा संबंधित जांच अधिकारी से प्रगति रिपोर्ट जानी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए भी निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कई महिलाएं अपनी पीड़ा बताते-बताते भावुक हुई तो श्रीमती रहाटकर ने उन्हें ढाढ़स बंधाया और आश्वस्त किया कि महिला आयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी परिवेदनाओं का समाधान करेगा।

महिला परामर्श केंद्रों पर हो समझाइश - जनसुनवाई के दौरान महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महिला परामर्श केंद्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयोग के समक्ष अधिकांश पारिवारिक विवादों के प्रकरण आते हैं। ऐसे में बेहतर यही है कि महिला परामर्श केंद्र अथवा विधिक सेवा प्राधिकरण के नि:शुल्क विधिक सहायता सेल में इन प्रकरणों की काउंसलिंग की जाए, ताकि पुलिस पर भी ऐसे प्रकरणों का दबाव नहीं रहे। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे श्री शर्मा ने वृत्त स्तर पर नि:शुल्क विधिक परामर्श सेवा उपलब्ध होने की जानकारी दी। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल और एसपी योगेश गोयल ने अवगत कराया कि प्रत्येक थाना स्तर पर महिला परामर्श केंद्र हैं जहां ऐसे प्रकरणों की काउंसलिंग की जाती है। साथ ही वन स्टॉप सखी सेंटर भी है, इसमें भी पीड़ित महिलाओं ने सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद सीईओ हेमेंद्र नागर, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, एडीएम सिटी वारसिंह, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास संजय

## संपादकीय

# हिंदी विज्ञान की प्रगति हेतु वैज्ञानियों को आगे आना होगा

गुणवत्तापरक शिक्षा में अभी भी आशानुरूप सफलता नहीं मिली है। जहाँ संख्यात्मक वृद्धि होती है, वहां गुणात्मक वृद्धि में कमी आ जाती है। इस कमी को दूर करने के लिए आवश्यक है कि कक्षा में रूचिपूर्ण शिक्षण पद्धति अपनाई जाये जैसे- भ्रमण विधि, खेल विधि, कहानी विधि, प्रदर्शन विधि, करके सीखना, प्रोजेक्ट विधि, केस स्टडी विधि तथा विभिन्न प्रकार की अन्य शैक्षिक गतिविधियां आदि। सीखने की प्रक्रिया मनुष्यों के मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक विकासक्रम का एक निर्धारक तत्त्व है. शिक्षा के ध्येय को मूलत- ज्ञात के प्रसार एवं अज्ञात के प्रति अनुसंधानात्मक अभिरुचि के विकास में समाहित किया जा सकता है. बीसवीं सदी तक के सामाजिक एवं वैज्ञानिक विकास की गति इतनी तीव्र नहीं थी कि पारम्परिक शिक्षण की प्रणालियाँ और व्यवस्थाएँ उसे संभाल न सकें परन्तु इक्कीसवीं सदी ने कुछ युगांतरकारी परिवर्तनों से अपनी यात्रा आरम्भ की है. पहला बड़ा परिवर्तन कंप्यूटर का आगमन है जिसने एक तरफ तो ज्ञान की एक पूरी शाखा का विकास करके ज्ञात की सीमाओं को बढ़ा दिया है और शिक्षकों का भार 'न्यूनतम समय में आधुनिकतम प्रणालियों की उपयोग क्षमता के विकास की आवश्यकता' के साथ बढ़ गया है. कहना न होगा कि सिखाने और सीखने की गतिवृद्धि के लिए अत्यंत कारगर उपाय के रूप में कंप्यूटर स्लाइड शो, फ्लैश फिल्मों आदि के साथ अनिवार्य होता जा रहा है. दूसरा बड़ा परिवर्तन तथ्यों और संदेशों के महासमुद्र में खोज और अभिव्यक्ति की सेवा देनेवाली साइटों का आगमन है. गूगल और फेसबुक मानवीय मस्तिष्क की तथ्यात्मक समृद्धि को अनावश्यक और अतीत की बात बनाने में जुटे हैं. ऐसा लगने लगा है कि छात्रों को आंकड़े और अन्य वस्तुनिष्ठ तथ्यों के लिए स्मृति पर निर्भर कराना स्मरण शक्ति का दुरुपयोग बनता जा रहा है. 'ज्ञान का विस्फोट' जो सूचना के विस्फोट का उपादान बनाकर प्रकट हुआ है, कोई भी शिक्षण प्रणाली उससे विरक्त रहकर समय के साथ नहीं चल सकती. तीसरा बड़ा और भविष्योन्मुख परिवर्तन अत्याधुनिक तकनीक और विचारधाराओं के साथ विश्व की एकीकृत सामाजिक स्थिति है. इतिहास परिप्रेक्ष्य के साथ बदल जाता है और 'ग्लोबल विलेज' में अंतर्राष्ट्रीय भावनाओं के साथ वस्तुनिष्ठ चिंतन का विकास आवश्यक हो गया है. कहना न होगा कि शिक्षकों का समुदाय अब ज्ञान की खिडकी नहीं रह गया है, छात्रों के पास ज्ञान के अन्य बेहद विकसित और समर्थ स्रोत उपलब्ध हो गए हैं और शिक्षण में एटीट्यूड, तर्कविकास और मानवीय गुणों का बीजारोपण अधिक महत्त्वपूर्ण होते जा रहे हैं इसके लिए हिंदी में विज्ञान अनिवार्य है हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद अच्छा काम कर रही है हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद की पत्रिका वैज्ञानिक का परिचय अंक लगभग 55 वर्ष पूर्व 1969 में प्रकाशित हुआ था। वैज्ञानिक चिंतन हिन्दी में उपलब्ध कराने के अतिरिक्त इसमें नवीनतम शोध की जानकारी हिन्दी में पाठकों तक पहुंचाई जाती है। इस पत्रिका का मुख्य उद्देश्य आम पाठक में राजभाषा में वैज्ञानिक लेख लिखने की क्षमता पैदा करना, नये शोध की जानकारी एक दूसरे तक पहुंचाना है। गुणवत्तापरक शिक्षा में हिंदी विज्ञान आवश्यक है

वर्ष 2016 में इसने ढ्ढस्स्ह सं भी सभी निष्ठावान सदस्यों के प्रयास से प्राप्त किया है। वैज्ञानिक का जुलाई -सितंबर -2024 का अंक विज्ञान की जानकारी से परिपूर्ण है विज्ञान हमेशा ही नए- नए प्रयोग करता रहता है। वैज्ञानिक' द्वारा पाठकों में हिन्दी में वैज्ञानिक जागरूकता पैदा की जाती है जिसमें विज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों को समझाया जाता है ताकि लेख के स्तर पर पाठक अपने ज्ञान व क्षमता में वृद्धि कर सके । पिछले 56 वर्षों से वैज्ञानिक का प्रकाशन अभी भी निरंतर जारी है, हिन्दी विज्ञान की लोकप्रिय पत्रिका, से जुड़े सभी विज्ञान लेखकों पाठकों और सृजनशील व्यक्तियों के निरंतर सहयोग, स्नेह, विश्वास और वैज्ञानिक से लगाव है।

# लौंगिया क्षेत्र के लोगों को अब घर के पास ही उपलब्ध होगा नि:शुल्क उपचार-देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष ने किया आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का शुभारम्भ

**अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर महत्वपूर्ण शुरूआत हैं। गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को अब उनके घर के पास ही नि:शुल्क उपचार उपलब्ध होगा। सामान्य बीमारियों की चिकित्सा के लिए उन्हें दूर नहीं जाना होगा। आरोग्य मंदिर अपने नाम के अनुरूप मरीजों के लिए राहत बनकर सामने आएंगे।






विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को लौंगिया क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि लौंगिया क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इस चिकित्सालय का लाभ प्राप्त होगा। यहां सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार एवं अन्य सामान्य बीमारियों के साथ ही डायबिटिज एवं ब्लड प्रेशर की दवाईयां भी उपलब्ध होंगी। मरीज यहां चिकित्सकों को दिखाने के साथ ही नि:शुल्क दवाईयां भी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अजमेर चिकित्सा के क्षेत्र में राजस्थान के बड़े शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा। जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में विभिन्न रोगों की सुपर स्पेशलिटी सेवाएं उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि हम अजमेर उत्तर के प्रत्येक निवासी को उसके घर के आस-पास चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में काम कर रहे हैं। संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल से लेकर आयुष्मान आरोग्य मन्दिर तक क्षेत्र का प्रत्येक निवासी मेडिकल सुविधा की कवरेज में होगा। आरोग्य मन्दिर मौहल्लों में सामान्य बीमारियों के मरीजों के लिए वरदान सिद्ध होंगे। उन्हें घर के पास ही मेडिकल सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधा के क्षेत्र में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। संभाग के सबसे बडे जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में शीघ्र ही सुपर स्पेशलिटी सेवाएं भी उपलब्ध होगी। इसके लिए बजट में घोषणा की गई है और स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है। इसके निर्माण व सुविधाओं की स्थापना पर 200 करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि खर्च होगी। अजमेर उत्तर क्षेत्र के लिए बजट में ही नए सैटेलाइट अस्पताल की घोषणा की गई है। अस्पताल के लिए भूमि चिन्हित कर निर्माण कार्य की शुरूआत की गई है। जल्दी यह भवन भी आमजन को उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में पंचशील में शहरी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र की स्थापना करवाई गई थी। यह अस्पताल भी आमजन को राहत दे रहा है। इसी तरह विभिन्न स्तर के अस्पतालों से आमजन को उनके घर के पास ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। एलोपैथी चिकित्सा के साथ ही आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में भी अजमेर ने उपलब्धि हासिल की है। यहां आयुर्वेद यूनिवर्सिटी की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर रमेश सोनी प्रकाश बंसल संदीप गोयल राजू साहू अनिल नरवाल मुकुल साहू संजय जेदिया योगेश शर्मा भारती श्रीवास्तव अशोक मुद्गल विजय सिंह टांक सुभाष जाटव, दुर्गेश भाटी तथा अंजली ढ्न्जा पार्षद आदि उपस्थित रहें।

# बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध सरकार-दिलावर

**जयपुर।** राज्य के पंचायती राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि शिक्षा में संस्कारों का समावेश बहुत जरूरी है। शिक्षा के साथ-साथ यदि व्यक्ति में संस्कार नहीं आते हैं तो फिर डिग्रियां व्यर्थ हैं। शिक्षा मंत्री दिलावर रतनगढ़ के हनुमान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के एक सौ वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विद्यालय संचालन के लिए जालान परिवार की सराहना करते हुए कहा कि आज से सौ वर्ष पहले जब पुरुष भी बहुत कम पढ़ते थे, बालिका शिक्षा के लिए इस तरह का संस्थान खड़ा करना और इस तरह का वातावरण निर्माण करना जालान परिवार की दूरदर्शितापूर्ण सोच का परिचायक है।

उन्होंने जालान परिवार द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि परोपकार में धन खर्च करने से हमारे धन में और अधिक इजाफा होता है, ईश्वर की कृपा ऐसे दानी व्यक्ति को प्राप्त होती है। धन को हमेशा चलायमान रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि केवल किताबों से संस्कार नहीं आते हैं। अभिभावकों, शिक्षकों के आचरण से बच्चों में संस्कार आते हैं, इसलिए उन्हें अपने आचरण में सावधानी रखनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने गो-संरक्षण, जैविक खेती, पॉलिथिन का उपयोग नहीं करने तथा अधिकाधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया और कहा कि गायों को निराश्रित छोड़ने से सड़क दुर्घटनाओं में लोग मरते हैं तथा गायों की भी मृत्यु होती है। गाय को निराश्रित नहीं छोड़ना चाहिए।

# मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में तीन आधुनिक नौसैनिक युद्धपोतों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी को महाराष्ट्र के दौरे पर मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में तीन आधुनिक नौसैनिक युद्धपोतों- आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक यह कार्यक्रम बुधवार सुबह 10-30 बजे शुरू होगा। इसके बाद, प्रधानमंत्री दोपहर 3-30 बजे नवी मुंबई के खारघर में श्री श्री राधा मदनमोहनजी इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करेंगे। तीन नौसैनिक जहाज भारतीय नौसेना की ताकत को और मजबूत करेंगे। आईएनएस सूरत, जो पी15बी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक परियोजना का चौथा और अंतिम जहाज है जो दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक विध्वंसक जहाजों में से एक है। इस जहाज में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है और यह आधुनिक हथियारों और नेटवर्क क्षमताओं से लैस है। आईएनएस नीलगिरी, पी17ए स्टील्थ फ्रिगेट परियोजना का पहला जहाज है जो भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा तैयार किया गया है। इसमें उन्नत उत्तरजीविता की विशेषताएं हैं। वहीं, आईएनएस वाघशीर, पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी है जो भारत की पनडुब्बी निर्माण में बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतीक है। इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है। प्रधानमंत्री खारघर में इस्कॉन के श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे। यह परियोजना नौ एकड़ में फैली हुई है और इसमें वैदिक शिक्षा केंद्र, प्रस्तावित संग्रहालय, सभागार, उपचार केंद्र और कई देवताओं वाले मंदिर शामिल हैं। इसका उद्देश्य वैदिक शिक्षाओं के जरिए शांति, भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देना है। यह दौरा भारत की रक्षा ताकत को मजबूत करने और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# देशभर में एचएमपीवी के 18 केस

## पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 18 मामले हो गए हैं। सोमवार को पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव आया है।

इससे पहले 3 और 5 साल के दो बच्चे संक्रमित पाए गए थे। पुडुचेरी के मेडिकल सर्विस डायरेक्टर वी रविचंद्रन ने कहा- बच्चे को बुखार, खांसी जैसी शिकायतें थीं। उसे 10 जनवरी को जेआईपीएमईआर में भर्ती कराया गया था। बच्चा ठीक हो रहा है।

स्वामी व प्रकाशक महेश चंद रांगेरा द्वारा मुद्रक गोपाल सिंह लबाना, गुरुनानक प्रिंटिंग प्रसे, प्लॉट नम्बर 2, पत्रकार कॉलोनी, कोटड़ा, अजमेर से मुद्रित व कार्यालय जी-7सातवीं मंजिल, गुरु अभय रेडिडेन्सी, पंचशील ब्लॉक, अजमेर से प्रकाशित, सम्पादक -महेश चंद रांगेरा व कार्यकारी सम्पादक-सहर। समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र अजमेर ही रहेगा। मो. 9929590449, 8107416712, Email.Id: marudharatoday.info@gmail.com

# श्रीनगर में भामाशाह राठी परिवार ने बनवाया 2.64 करोड़ का संस्कृत स्कूल, शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने की स्कूल को 12 वीं तक क्रमोन्नत करने की घोषणा

## श्रीनगर खेड़ा में श्रीचंदनमल रामनारायणी राठी राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय के भवन का लोकार्पण

## संस्कृत सब भाषाओं की जननी, इसे आगे बढ़ाने के हों प्रयास-श्री देवनानी

## संस्कृत में और अधिक हो शोध- दिलावर

**अजमेर।** अजमेर के पास खेड़ा श्रीनगर में मंगलवार को भामाशाह श्री गोपाल राठी परिवार द्वारा 2.64 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित श्री चंदनमल रामनारायणी राठी राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय के भवन का लोकार्पण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री श्री मदन दिलावर, विधायक श्री रामस्वरूप लांबा एवं माहेश्वरी समाज के प्रबुद्धजनों ने भवन का लोकार्पण किया। राठी परिवार, स्कूली विद्यार्थी एवं ग्रामीणों की मांग पर शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में ही स्कूल को 12 वीं तक करने, खेल मैदान के लिए भूमि आवंटित करने एवं स्कूल में 3 वर्ष की आयु तक बच्चों को प्रवेश देने की घोषणा कर दी। राठी परिवार द्वारा बनवाया गया यह संस्कृत स्कूल स्मार्ट क्लासरूम सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

खेड़ा श्रीनगर में मंगलवार को श्री चंदमल रामनारायणी राठी राजकीय संस्कृत प्रवेशिका विद्यालय का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के कहा कि संस्कृत सब भाषाओं की जननी है। इसी से विश्व की सभी भाषाएं निकली है। हम सभी को संस्कृत, संस्कृति एवं सनातन का सम्मान करना चाहिए। संस्कृत की उन्नति के लिए लगातार प्रयास किए जाने जरूरी हैं। संस्कृत संस्कृति की आत्मा हैं। यह सनातन और सनातनी दोनों के लिए अतिआवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि संस्कृत को आगे बढ़ाने के लिए इसे जीविका के साथ जोड़ा जाना अतिआवश्यक हैं। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में संस्कृत शिक्षा, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि के कोर्सेज शुरू किए जाने चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। अजमेर में शीघ्र ही आयुर्वेद विश्वविद्यालय की शुरूआत होने वाली हैं। श्रीनगर संस्कृत स्कूल के बच्चों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद यहां नए विकल्प उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि हमने शिक्षा मंत्री के रूप में ॠषि पाराशर, ॠषि कणाद एवं अन्य महर्षियों के पाठ्यक्रम में जुड़वाए थे। यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहे ताकि संस्कृत और भारतीय वेदों के प्रति और अधिक जागरूकता बन सके।



उन्होंने कहा कि संस्कृत का अध्यापन और अधिक गंभीरता से कराए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए विद्यार्थियों में भी रूचि जगानी होंगी। हजारों पांडुलिपियां ?सी हैं जिनका अभी तक अध्ययन नहीं किया गया हैं। संस्कृत में लिखी गई इन पांडुलिपियों से हमें बड़ी उपलब्धियां हो सकती हैं।

शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से संस्कृत शिक्षा में करीब 4 हजार नई भर्तियां करने की तैयारी कर ली है। आने वाले समय में संस्कृत शिक्षा में एक भी पद रिक्त नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा में लिखे गए ग्रंथ अनेक आविष्कारों के आधार हैं। इस पर और अधिक शोध की जरूरत हैं। संस्कृत का ज्ञान प्राप्त करना, इसकी गहराई में जाना, शोध करना हमें और हमारे देश को और अधिक आगे ले जाएगा। राजस्थान सरकार का यह प्रयास है कि संस्कृत का प्रचलन अधिक से अधिक हो।

दिलावर ने कहा कि संस्कृत को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प होकर काम कर रही है। राजस्थान के सभी



संभाग मुख्यालयों पर वेद पाठशाएं खुलेगी। संस्कृत विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के लिए राज्य सरकार ने 50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। आने वाले दिनों में प्रदेश में संस्कृत पढ़ने और पढ़ाने वाले और अधिक बढेंगे। उन्होंने श्री चंदनमल रामनारायणी राठी प्रवेशिका विद्यालय को क्रमोन्नत कर वरिष्ठ उपाध्याय स्कूल बनाने की घोषणा की। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूल के खेल मैदान के लिए भूमि चिन्हित कर दें। साथ ही स्कूल में वाटिका श्रेणी में 3 वर्ष तक के बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा।

शिक्षा मंत्री ने सभी से कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह छोड़ें, गौ रक्षा एवं संवर्धन के लिए काम करें, प्राकृतिक खेती करें। इसी तरह प्लास्टिक के बर्तनों का उपयोग समाप्त करने के लिए गांवों में स्टील के बर्तनों का संग्रह बनाएं और सभी सामाजिक कार्यक्रमों में इन बर्तनों का उपयोग करें ताकि प्लास्टिक का उपयोग ना हो। उनके आग्रह पर राठी परिवार ने श्रीनगर के लिए 200 बर्तनों का सैट देने की घोषणा की। श्री दिलावर ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग के कारण कई बीमारियां होती हैं। इससे प्रति वर्ष 7.5 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती हैं। कार्यक्रम को वरिष्ठ समाज सेवी श्री रामपाल सोनी, श्री गोपाल राठी, श्री संदीप राठी, श्री संदीप काबरा एवं अन्य ने भी संबोधित किया।

## पशु कल्याण पखवाड़ा का होगा आयोजन

**अजमेर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में 14 जनवरी से 30 जनवरी तक पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जाएगा। पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया कि इस पखवाडे में जीव जन्तुओं के प्रति दया जाग्रत की जाएगी। विभाग द्वारा प्रत्येक पशु चिकित्सा संस्था पर एक एक बांझ निवारण व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविरों, बैठक एवं रैली के माध्यम से पशु क्रूरता, पशु पोण एवं पशु प्रबंधन के संबंध में जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से पशु कल्याण एवं जीवों की दया के बारे में जानकारी दी जाएगी। पशुओं को अधिक सर्दी एवं गर्मी की प्रतिकूलता से सुरक्षा करने के उपायों की जानकारी भी ली जाएगी। निराश्रित पशुओं, गौशाला के पशुओं एवं अन्य घायल पशुओं का उपचार भी शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। गौशालाओं का विशेष रूप से निरीक्षण कर साफ स्वच्छ स्वास्थ्यवर्द्धक वातावरण के बारे में जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि पशु कल्याण पखवाड़े के दौरान 26 जनवरी को सर्वोदय दिवस एवं 30 जनवरी को समस्त राज्य में पशु पक्षियों का वध करना एवं मांस आदि की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए सेवी संस्थाओं का सहयोग भी अपेक्षित रहेगा। श्री ज्ञानोदय तीर्थ गौशाला नारेली में गौवंश का स्वास्थ्य निरीक्षण कर पशु कल्याण पखवाडे का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर श्री सुकांत जैन, श्री विरेन्द्र जैन, श्री दीपक जैन एवं डॉ. रिपु मधुकर भी उपस्थित थे।

### मूक बधिर बच्चों संग मनाई मकर संक्रांति

मेल्विन जॉन्स के जन्मदिन पर सेवा कार्य

अजमेर । लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जॉन्स के 146 वें जन्मदिन पर लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा सेवा कार्य किया गया । डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि मंगलवार को लायन रमेश मधु लखोटिया के सहयोग से कोटड़ा स्थित अपना घर संभागीय मूक बधिर आवासीय विद्यालय में रहवासी बच्चों को भोजन कराया गया । साथ ही उनको मकर संक्रांति के अवसर पर तिल लड्डू, गजक एवं मूंगफली खिलाई गई । उनको पतंग एवं डोर देकर हौंसला अफजाई की गई । उनके साथ पतंग उड़ा कर त्यौहार मनाया गया । इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी, क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन त्रिलोक गोयल, मधु लखोटिया, लायन शशि गोयल, राजेंद्र गांधी सहित अन्य मौजूद थे । विद्यालय व्यवस्थापक ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# 2025 की पूर्व संध्या पर भागीरथ चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ 'अलाव पर चर्चा के माध्यम' से दी शुभकामनाएं

### रीट परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि कल, रात 12 बजे तक खुला रहेगा लिंक, अब तक मिले 12.29 लाख आवेदन

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 के तहत कल 15 जनवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। आवेदन का लिंक बुधवार को रात 12 बजे तक खुला रहेगा। इसके पश्चात लिंक बंद कर दिया जाएगा। बोर्ड को मंगलवार शाम तक 12 लाख 29 हजार आवेदन मिले हैं। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे पूरी तरह जांच परख कर समय रहते आवेदन करें। सचिव श्री कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि कल बुधवार 15 जनवरी को रात 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन किए जा सकेंगे। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि पूरी तरह सोच समझकर एवं जांच कर समय रहते ऑनलाइन आवेदन करे। एक बार ऑनलाइन आवेदन लॉक करने के बाद उसमें अभ्यर्थियों के स्तर पर संशोधन किया जाना संभव नहीं है। अभ्यर्थी यह तय कर लें कि उन्होंने जो भी जानकारियां फीड की है वे पूरी तरह सही, सुस्पष्ट एवं रिकॉर्ड के अनुरूप है। अभ्यर्थी के फीड करते ही सारा डाटा बोर्ड के सर्वर पर सेव हो जाएगा। उसमें अभ्यर्थी के स्तर पर बदलाव नहीं किया जा सकेगा। बोर्ड को मंगलवार शाम तक 12.29 लाख आवेदन मिले हैं। इनमें लेवल एक 304180, लेवल दो के 826627 एवं दोनों लेवल के 98031 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर क्लिक कर परीक्षा शुल्क जमा करवा कर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा कराने के बाद ही आवेदन की आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। रीट परीक्षा से संबंधित सभी जानकारियां माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। लेवल एक व दो के लिए 550 रूपए परीक्षा शुल्क रखा गया है। कोई अभ्यर्थी दोनों लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 750 रूपए शुल्क देना होगा।

बोर्ड सचिव ने बताया कि परीक्षा 27 फरवरी को दो पारियों में आयोजित की जाएगी। प्राथमिक स्तर (लेवल 1) और उच्च प्राथमिक स्तर (लेवल 2) की परीक्षाएं अलग-अलग समय पर होंगी। बोर्ड यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगा कि दोनों परीक्षाओं के संचालन में कोई परेशानी न हो। प्रथम पारी की परीक्षा प्रात: 10 बजे से 12.30 बजे तक होगी एवं द्वितीय पारी की परीक्षा दोपहर 3 बजे से सायं 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# 9वां सशस्त्र सेना सैनिक (वेटरन्स) दिवस समारोह आयोजित

**अजमेर।** सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक (वेटरन्स) दिवस समारोह मंगलवार को समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आलोक कुमार साहा ने बताया कि 9वां सशस्त्रा सेना भूतपूर्व सैनिक (वेटरन्स) दिवस के उपलक्ष में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा विजय स्मारक बजरंगढ़ चौराहा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सैन्य अधिकारी कमोडोर अन्शुमन दत्त, कैप्टन अशोक तिवारी, कमाण्डर जगदीश सिंह राजावत द्वारा विजय स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात उपस्थित सभी पूर्व सैनिक एवं सेवारत सैनिकों द्वारा भी स्मारक पर श्रद्धा सुमन






अर्पित कर शहीदों को नमन किया

उन्होंने बताया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में वीर नारियों एवं वीर पिता व शौर्य पदक धारकों को सम्मान में कार्यक्रम रखा गया। इसमें वीर नारी श्रीमती भंवरी देवी पत्नी शहीद हवालदार मोब सिंह, श्रीमती वेलेरी रोज एडवर्ड पत्नी शहीद एच.एम.टी. क्रिस्टोफर एडवर्ड, श्रीमती मीना देवी पत्नी शहीद सूबेदार सुजान मल, श्रीमती गुमान देवी पत्नी सिपाही प्रभूलाल चौधरी, श्रीमती लीला पत्नी शहीद सिपाही हनुमान राम जाट एवं श्री भोलू राम जाट पिता शहीद सिपाही हेमराज जाट का शॉल देकर सम्मान किया गया। गैलेण्ट्री अवार्ड प्राप्तकर्ता कैप्टन अशोक गहलोत, नौ सेना मेडल पीओ हनुमान सिंह राठौड़, नौसेना मेडल नायक पुसा लाल जाट, सेना मेडल एवं लांस नायक करतार राम बाना को साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सेवारत सैनिकों एवं आश्रितों ने भाग लिया।

## कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों का गुरूवार 16 जनवरी तक रहेगा अवकाश

**अजमेर।** जिले के विद्यालयों में कक्षा एक से 8वीं तक के विद्यार्थियों का ठण्ड के पूर्वानुमान के कारण अवकाश घोषित किया गया है।

जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीतलहर शुरु होने व इसके असर के कारण तापमान में गिरावट होना संभावित है। जिले में ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए बुधवार 15 जनवरी एवं गुरूवार 16 जनवरी को जिले में संचालित कक्षा एक से 8वीं तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शीत लहर एवं ठण्ड के प्रभाव से बचाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर विद्यालय में अवकाश घोषित किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह अवकाश केवल छात्र-छात्राओं के लिए लागू रहेगा। स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। प्रातः 10 बजे से कक्षा 9 से 12 तक समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की कक्षाएं सुचारु रूप से संचालित रहेगी। अवकाश के दौरान कक्षा संचालन करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अजमेर 7 मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को शहर के पुरानी मंडी सहित कई बाजारों में भी कई जगहों पर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की ओर से पौष बड़ा भंडारों का आयोजन किया गया। अजमेर शहर व्यापार महासंघ के प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि आज अजमेर शहर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता के नेतृत्व व उनके द्वारा पुरानी मंडी चौक मैं पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सेंकडो लोगो ने पोष बड़ा व हलवा का सेवन कर एक दूसरे को बधाई दी ।इस अवसर पर पुरानी मंडी व्यापार एसोसिएशन के पदाधिकारि व सदस्य उपस्थित रहे।

## दयानन्द बाल सदन, बाल सम्प्रेषण गृह एवं रैन बसेरों का किया गया निरीक्षण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

**अजमेर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा दयानन्द बाल सदन का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा मूलभूत सुविधाओं से लेकर गृहों के संचालन का जायजा लिया गया। दयानन्द बाल सदन में तीन भाग हैं। इसमें दो बाल गृह एवं एक बालिका गृह है। सदन में डाइट चार्ट एवं बच्चों को नाश्ते, लंच एवं डिनर के लिए भोजन चार्ट की व्यवस्था है। बच्चों के लिए रोजमर्रा की आवश्यकताओं की सभी वस्तुएं उपस्थित थी। सदन मे बच्चों के मनोरंजन के लिए इण्डोर एवं आउटडोर गेम्स एवं टीवी की व्यवस्था भी है। साथ ही बच्चों के लिए शारीरिक व्यायाम एवं योगा प्रोग्राम भी नियमित रूप से संचालित किए जाते है। सुरक्षा की दृष्टि से सदन में सीसीटीवी कैमरे, भवन के चारो तरफ तारबंदी की गई है। सदन में परिसर, रसोई घर, शौचालय, स्नानघर में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित है। सदन में मासिक रूप से चिकित्सक विजिट होती है। वर्तमान में सदन में 43 बालक एवं 17 बालिकाएं आवासरत है।





उन्होंने बाल सम्प्रेषण गृह अजमेर का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा मूलभूत सुविधाओं से लेकर गृहों के संचालन का जायजा लिया गया। सम्प्रेषण गृह में डाइट चार्ट एवं बच्चों को नाश्ते, लंच एवं डिनर के लिए भोजन चार्ट की व्यवस्था है। बच्चों के लिए रोजमर्रा की आवश्यकताओं की सभी वस्तुएं मौजूद थी। सदन में परिसर, रसोईघर, शौचालय, स्नानघर में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित है। सम्प्रेषण गृह में साप्ताहिक रूप से चिकित्सक विजिट होती है। साथ ही सम्प्रेषण गृह में काउंसलिंग के लिए परामर्शदाता भी उपस्थित है। सम्प्रेषण गृह में बालकों को कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग (चित्राकारी) सिखाई जा रही है। गृह में खाद्य वस्तु एव जल भंडारण की व्यवस्था के निर्देश दिए गए एवं विधि से संघर्षरत बालक, सरंक्षित बालक एवं 6 माह में पुर्नवसित बालकों के विवरण की जांच की। गृह में बालकों को कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाता है। वर्तमान मे सम्प्रेषण गृह मे कुल 46 बालक आवासरत है।

श्री ढाबी द्वारा जेएलएन अस्पताल में स्थित दो रैन बसेरे सहित पड़ाव स्थिति रैन बसेरे का निरीक्षण भी किया तथा मौसमानुकूल समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं, पर्याप्त मात्रा में गद्दे, चादर, तकिया, कम्बल, रजाई, पीने योग्य पानी, सफाई एवं स्वच्छता, पुरूषों एवं महिलाओं के लिए पृथक-पृथक व समुचित स्नान एवं शौच व्यवस्था, स्नान के लिए मौसमानुकूल पानी की व्यवस्था, नियमित विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा किट, समुचित अग्निरक्षण प्रणाली, 2 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए विशेष भोजन की उपलब्धता, विशेष योग्यजनों, विमंदितों, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकतानुसार विशेष सुविधाओं की उपलब्धता, बीमार व्यक्तियों को समुचित चिकित्सा के सबंध में विस्तृत रूप से जायजा लिया। आश्रय स्थलों के संचालन में सामने आई खामियों पर उत्तरदायी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान कर खामियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया।

## अग्रवाल समाज अजमेर की कार्य समिति की बैठक संपन्न

होली स्नेह मिलन व वरिष्ठजन सम्मान समारोह, जगन्नाथपुरी व गंगासागर आदि धार्मिक स्थानों की यात्रा सहित अन्य भावी कार्यक्रमों के बारे में लिया निर्णय

**अजमेर।** अग्रवाल समाज अजमेर के संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, आमन्त्रित व विशेष आमन्त्रित सदस्यों तथा क्षेत्रीय सचिवों (समूह संयोजक) की बैठक हनीड्यू रेस्टोरेंट, स्टेशन रोड, अजमेर में संस्था अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें फरवरी माह में संस्था की साधारण सभा की बैठक आयोजित करने, अग्रवाल समाज अजमेर की और से 8 मार्च शनिवार को होली स्नेह मिलन व वरिष्ठजन सम्मान समारोह आयोजित करने, अप्रैल/मई में समाज बंधुओं को जगन्नाथपुरी व गंगासागर आदि धार्मिक स्थानों की यात्रा पर ले जाने सहित अन्य कई भावी कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिये गये अग्रवाल समाज अजमेर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व महासचिव सतीश बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रारम्भ में संस्था के मुख्य संरक्षक रमेशचंद अग्रवाल, हनुमान दयाल बंसल, बी पी मित्तल व श्रीमती राधिका अग्रवाल, संरक्षक उमेशचंद गुप्ता, कमल किशोर गर्ग, गिरधर गोपाल गोयल, विनय गुप्ता, श्रीमती स्नेहलता मंगल व श्रीमती छाया गर्ग, अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, महासचिव सतीश बंसल व कोषाध्यक्ष दिनेश प्रणामी आदि पदाधिकारियों ने श्री अग्रसेन भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया द्य इसके पश्चात महासचिव सतीश बंसल ने गत कार्यसमिति की बैठक का कार्यवाही विवरण पढ़कर सुनाया जिसका सभी ने अनुमोदन किया संस्था की सदस्यता के लिए प्राप्त 5 आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान कर महेश चंद सिंहल, अश्विन कुमार गोयल, सुधीर गर्ग, सुनील मित्तल व हंसराज अग्रवाल को संस्था सदस्य बनाया गया। अग्रवाल समाज अजमेर की संविधान संशोधन समिति के सुझाव पर समाज के संविधान में संशोधन पर विचार विमर्श कर संशोधित संविधान पारित किया गया । संस्था अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा संस्था की सदस्य संख्या बढ़ाने पर जोर देते हुए कार्यसमिति के सभी सदस्यों से कम से कम 2 - 2 नये सदस्य बनाने का आग्रह किया । बैठक में विचार विमर्श कर फरवरी माह में अग्रवाल समाज अजमेर की साधारण सभा की बैठक आयोजित करने, 8 मार्च शनिवार को अग्रवाल समाज अजमेर का होली स्नेह मिलन व वरिष्ठजन सम्मान समारोह आयोजित करने, अप्रैल/ मई माह में समाज बंधुओं को जगन्नाथपुरी व गंगासागर आदि धार्मिक स्थानों की यात्रा पर ले जाने सहित अनेक भावी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये, धार्मिक यात्रा कार्यक्रम के लिये शैलेंद्र अग्रवाल व रमेशचंद मित्तल को मुख्य संयोजक मनोनीत किया गया ल बैठक में जरूरतमंद असहाय लोगों की चिकित्सा, शिक्षा व कन्या के विवाह आदि में समाज की और से सहयोग करने का निर्णय लेते हुए जरूरतमंद लोगों की जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया द्य समाज के एक भामाशाह परिवार द्वारा केंसर रोग से पीड़ित समाज के जरूरतमंद व्यक्ति की सहायतार्थ पूर्ण मदद करने की घोषणा की गयी ।